5 मैं बनूंगा सरपंच
यूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से युवा मतदाताएं जीट : मंडल आयुक्त

6 अभिमत
गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

9 देश/विदेश
भाजपा पहले डर फैलाती है, फिर इसे हिंसा में बदल देती है : राहुल

11 पर्यटन
घूम आइए पांच हजार रुपये में देश के पांच मनोरम स्थल

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईसीसी रैंकिंग : सूर्यकुमार टी-20 में शीर्ष पर बरकरार

पेज - 12

## कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**फरीदाबाद।** कंप्यूटर साइंस विभाग अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा कॉर्पोरेट जगत में उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के संरक्षण में आयोजित किया गया। सत्र के प्रारंभ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हिमांशु सिंगला, सीईओ और संस्थापक ऑनलाइन ट्रैवल शूटर्स, को गुलदस्ता भेंट किया। यह अतिथि व्याख्यान सेल्फ फाइनेंस विंग-तृतीय के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के वक्ता हिमांशु सिंगला एक सीरियल एंटरप्रेन्योरए निवेशक और वेबहोस्टिंग कंपनी ऑनलाइन ट्रैवलशूटर्स के कोच है। उन्होंने जे-स्क्रिप्ट, पायथन, कैनवा, एडवांस एक्सेल, फ्लटर, फाइवर आदि जैसी विभिन्न उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने छात्रों को समझाया समस्या निवारण समस्या-समाधान के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण है जिसका उपयोग अक्सर जटिल मशीनों, इलेक्ट्रॉनिक्स कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर सिस्टम के साथ समस्याओं को खोजने और ठीक करने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में बीसीए और बी वोक (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) के 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सचिन गर्ग थे। सत्र छात्रों के लिए अत्यधिक संवादात्मक और उपयोगी साबित हुआ।